National Teacher Award winner Manjari Mahajan honoured

TRIBUNE NEWS SERVICE

DHARAMSALA, SEPTEMBER 25

The Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamsala, on Friday honoured Manjari V Mahajan, principal of PM Shri Government Senior Secondary School, Sujanpur Tira, for receiving the National Teacher Award 2026. Board Chairman Dr Rajesh Sharma felicitated Manjari at the board office and congratulated her on the achievement, describing it as a matter of pride for the entire state.

Dr Rajesh Sharma, Chairman of the HP Board of School Education, Dharamsala, honours Manjari V Mahajan, principal of PM Shri Government Senior Secondary School, Sujanpur Tira, on Friday.

Dr Sharma appreciated her contribution towards introducing innovative and modern teaching practices at the school. He said that her efforts were focused not only on academic excellence but also on the overall development of students and inculcating a sense of social and environmental responsibility among them.

He said that her innovative teaching methods, effective leadership and sustained efforts towards improving the learning environment had made her an inspiration for teachers across the state.

Dr Sharma said that the national award was a recognition not only of Manjari's individual achievement but also of the dedication and commitment of the teachers of Himachal Pradesh. He expressed hope that her experience, innovative approach and vision would continue to contribute to the development of the state's education system and inspire other teachers and students to strive for excellence.

Himachal Tribune
Sat, 26 September 2026
https://epaper.tribuneindia.com/c/8111

दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने मंजरी महाजन को दिया सम्मान

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- धर्मशाला

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचार से राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का परचम लहराने वाली प्रधानाचार्या मंजरी वी. महाजन को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विशेष रूप से सम्मानित किया है। हाल ही में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 से सम्मानित होने पर बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड कार्यालय में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया और उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर टीहरा की कमान संभाल रही मंजरी वी. महाजन ने विद्यालय में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को लागू कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। डॉ. राजेश शर्मा ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि मंजरी ने केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति भी गहरी जागरूकता विकसित की है। नवाचार आधारित शिक्षण, स्कूल का प्रभावी नेतृत्व और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उनके निरंतर प्रयास बेहद सराहनीय रहे हैं।

Punjab Kesari Dt. 26-09-2026

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित मंजरी वी. महाजन का सम्मान

धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कार्यालय में प्रधानाचार्या मंजरी वी. महाजन को सम्मानित करते बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा। (ब्यूरो)

धर्मशाला, 25 सितम्बर (ब्यूरो): राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 से सम्मानित पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर टीहरा की प्रधानाचार्या मंजरी वी. महाजन को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से सम्मानित किया गया। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बोर्ड कार्यालय में उन्हें सम्मानित करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। डा. शर्मा ने कहा कि मंजरी वी. महाजन ने नवाचार आधारित शिक्षण, आधुनिक शिक्षा पद्धतियों और विद्यालय के प्रभावी नेतृत्व के जरिए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किया है।

HImachal Dastak Dt. 26-09-2026

राष्ट्रीय सम्मान से चमका हिमाचल

स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मंजरी वी. महाजन को किया सम्मानित

हिमाचल दस्तक ▮ धर्मशाला

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचार के लिए 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026' से सम्मानित पीएम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर टीहरा की प्रधानाचार्य मंजरी वी. महाजन का हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से सम्मानित किया गया। बोर्ड कार्यालय में अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने उन्हें सम्मानित कर राष्ट्रीय स्तर की इस उपलब्धि के लिए बधाई दीं। डॉ. शर्मा ने कहा कि मंजरी वी. महाजन ने आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और नवाचार आधारित शिक्षा को बढ़ावा देकर विद्यालय में प्रभावी नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

Amar Ujala Dt.26-09-2026

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता मंजरी महाजन सम्मानित

धर्मशाला। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 से सम्मानित प्रधानाचार्य मंजरी वी महाजन को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विशेष रूप से सम्मानित किया है। बोर्ड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने उन्हें यह सम्मान प्रदान कर उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई व शुभकामनाएं दीं। पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर टीहरा की प्रधानाचार्य मंजरी वी महाजन ने विद्यालय में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को लागू कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नवाचार आधारित शिक्षण और स्कूल के प्रभावी नेतृत्व के लिए उनके प्रयास अनुकरणीय हैं। ब्यूरो

मंजरी वी महाजन को सम्मानित करते डॉ. राजेश शर्मा। -स्रोत : बोर्ड

Dainik Jagran Dt. 26-09-2026

मंजरी वी महाजन का शिक्षा बोर्ड ने किया सम्मान

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर टीहरा की प्रधानाचार्या मंजरी वी महाजन को शुक्रवार को सम्मानित करते शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ● सौ. बोर्ड

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचार के लिए हाल ही में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 से सम्मानित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर टीहरा की प्रधानाचार्या मंजरी वी महाजन को शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सम्मानित किया। बोर्ड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने उन्हें सम्मान प्रदान कर उपलब्धि के लिए बधाई दी। डा. राजेश ने मंजरी वी. महाजन के कार्यों की सराहना कर कहा कि उन्होंने विद्यालय में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता विकसित करने के लिए निरंतर कार्य किया।

उन्होंने कहा कि नवाचार आधारित शिक्षण, विद्यालय के प्रभावी नेतृत्व और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए उनके प्रयास सराहनीय हैं। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होना महाजन की व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ हिमाचल के लिए भी गौरव का विषय है। उनकी उपलब्धि प्रदेश के शिक्षकों के परिश्रम और समर्पण को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाती है तथा अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने महाजन के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर उम्मीद जताई कि उनके अनुभव और दूरदर्शी सोच से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को भविष्य में भी लाभ मिलता रहेगा।

बोर्ड सचिव ने नगरोटा बगवां व शाहपुर के परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला : प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव अंकुश शर्मा ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) नगरोटा बगवां और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में चल रही परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा संचालन, अनुशासन एवं सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों एवं संबंधित परीक्षा स्टाफ को बोर्ड के निर्धारित नियमों एवं दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सचिव ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा से संबंधित सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं निगरानी व्यवस्था का भी जायजा लिया और परीक्षा से संबंधित रिकार्ड को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

ANANT GYAN Dt. 26-09-2026

राष्ट्रीय सम्मान से चमका हिमाचल

शिक्षा बोर्ड ने किया मंजरी वी. महाजन का सम्मान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 से सम्मानित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर टीहरा की प्रधानाचार्या मंजरी वी. महाजन को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से विशेष सम्मान दिया गया। बोर्ड कार्यालय में अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने उन्हें सम्मानित करते हुए उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

डॉ. शर्मा ने कहा कि मंजरी वी. महाजन ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को प्रभावी ढंग से अपनाकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया।

राष्ट्रीय सम्मान से बढ़ाया हिमाचल प्रदेश का गौरव

डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिला यह सम्मान मंजरी वी. महाजन की व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ प्रदेश के शिक्षकों के लिए भी गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि उनकी कार्यशैली और प्रयास अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
25 सितंबर, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नजर
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नजर के साथ

राष्ट्रीय सम्मान से चमका हिमाचल

शिक्षा बोर्ड ने किया मंजरी वी. महाजन का भव्य सम्मान

स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने दी बधाई, कहा-यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय

पहली नजर ब्यूरो/धर्मशाला

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचार से राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का परचम लहराने वाली प्रधानाचार्या मंजरी वी. महाजन को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विशेष रूप से सम्मानित किया है। हाल ही में 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026' से सम्मानित होने पर बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड कार्यालय में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया और उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं।

पीएम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर टीहरा की कमान संभाल रही मंजरी वी. महाजन ने विद्यालय में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को लागू कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। डॉ. राजेश शर्मा ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि मंजरी ने केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति भी गहरी जागरूकता विकसित की है। नवाचार आधारित शिक्षण, स्कूल का प्रभावी नेतृत्व और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उनके निरंतर प्रयास बेहद सराहनीय रहे हैं।

प्रदेश के शिक्षकों के लिए बनीं प्रेरणास्रोत

डॉ. शर्मा ने इस सम्मान को मंजरी की व्यक्तिगत सफलता के साथ-साथ पूरे हिमाचल के लिए गौरव का क्षण करार दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के शिक्षकों की मेहनत और समर्पण को राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाती है तथा उनकी यह सफलता अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष ने मंजरी वी. महाजन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि उनके अनुभवों और दूरदर्शी सोच से हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था को भविष्य में भी निरंतर लाभ मिलता रहेगा।

डिजिटल अख़बार
www.ujjwalhimachal.com
उज्जवल हिमाचल
शुक्रवार, 25 सितंबर 2026
खबर भी असर भी...

राष्ट्रीय सम्मान से चमका हिमाचल, शिक्षा बोर्ड ने किया राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाचार्या मंजरी वी. महाजन का भव्य सम्मान

स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने दी बधाई, कहा उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय

उज्जवल हिमाचल। धर्मशाला

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों से राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करने वाली प्रधानाचार्या मंजरी वी. महाजन को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। हाल ही में उन्हें राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 से सम्मानित किए जाने पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड कार्यालय में उन्हें सम्मानित किया तथा इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर टीहरा की प्रधानाचार्या मंजरी वी. महाजन ने विद्यालय में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और नवाचार आधारित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। डॉ. राजेश शर्मा ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मंजरी वी. महाजन ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक अपने प्रयासों को सीमित नहीं रखा, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता पैदा करने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नवाचार आधारित शिक्षण, विद्यालय का प्रभावी नेतृत्व और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उनके निरंतर प्रयास सराहनीय हैं। उनके नेतृत्व में विद्यालय में शिक्षा को आधुनिक तकनीक और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। डॉ. राजेश शर्मा ने मंजरी वी. महाजन की राष्ट्रीय स्तर की

नवाचार और आधुनिक शिक्षा से गढ़ रहीं विद्यार्थियों का भविष्य

प्रदेश के शिक्षकों के लिए बनीं प्रेरणा स्रोत

उपलब्धि को उनकी व्यक्तिगत सफलता के साथ-साथ पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान प्रदेश के शिक्षकों की मेहनत, समर्पण और प्रतिभा को राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाता है। मंजरी वी. महाजन की उपलब्धि प्रदेश के अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने मंजरी वी. महाजन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच, अनुभव और नवाचारपूर्ण कार्यशैली से हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था को भविष्य में भी लाभ मिलता रहेगा।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित मंजरी वी. महाजन

सवेरा न्यूज/रविन्द्र वासन धर्मशाला, 25 सितंबर : शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचार के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026 से सम्मानित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुजानपुर टीहरा की प्रधानाचार्या मंजरी वी. महाजन को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विशेष रूप से सम्मानित किया। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड कार्यालय में उन्हें सम्मान प्रदान कर उपलब्धि पर बधाई दी। डॉ. शर्मा ने मंजरी वी. महाजन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विद्यालय में आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को लागू करने के साथ विद्यार्थियों में सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता विकसित की है।

C
M
Y
K

पंजाब केसरी
SAT,26 SEPTEMBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

डी.एल.एड. की 739 सीटों के लिए 28 को तीसरे चरण की काउंसलिंग

धर्मशाला, 25 सितम्बर (ब्यूरो) : प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026-28 के तहत खाली 739 डी.एल.एड. सीटों को भरने के लिए तीसरे चरण की काउंसलिंग 28 सितम्बर को होगी। काउंसलिंग सुबह 10 बजे धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में शुरू होगी।

बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों की मैरिट सूची और श्रेणीवार रिक्त सीटों का विवरण बोर्ड की वैबसाइट पर जारी कर दिया है।

अभ्यर्थियों को सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा आरक्षित श्रेणी से संबंधित दस्तावेजों की मूल और सत्यापित प्रतियां साथ लानी होंगी। सीट आबंटन के दौरान मनपसंद संस्थान में उपलब्ध सीट चुनने का केवल एक अवसर मिलेगा। ई.डब्लू.एस., ओ.बी.सी. और पूर्व सैनिकों के आश्रित अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप में प्रमाण पत्र या शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

डीएलएड में दाखिले का मौका, 28 को तीसरे चरण की काउंसलिंग

739 रिक्त सीटों के लिए धर्मशाला में जुटेंगे अभ्यर्थी

सवेरा न्यूज/ब्यूरो

धर्मशाला, 25 सितंबर : हिमाचल प्रदेश में डीएलएड (D.El.Ed.) शैक्षणिक सत्र 2026-28 के तहत निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में खाली 739 सीटों को भरने के लिए तीसरे चरण की काउंसलिंग 28 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में होगी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने यह जानकारी दी। बोर्ड ने चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची और श्रेणीवार रिक्त सीटों का विवरण वेबसाइट www.hpbose.org पर अपलोड कर दिया है। अभ्यर्थियों को वेबसाइट से दिशा-निर्देश पढ़कर बायोडाटा फॉर्म भरकर साथ लाना होगा। इसके अलावा मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, हिमाचली मूल निवासी प्रमाण-पत्र तथा आरक्षित श्रेणी से संबंधित दस्तावेजों की मूल एवं सत्यापित प्रतियां लाना अनिवार्य है। ईडब्ल्यूएस, ओबीसी और पूर्व सैनिकों के आश्रित अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप का प्रमाण-पत्र या शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

Himachal Main
Sat, 26 September 2026

Dainik Jagran Dt. 26-09-2026

डीएलएड की 739 सीटों के लिए तीसरे चरण की काउंसिलिंग 28 को

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : प्रदेश में डीएलएड कर शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए दाखिले का मौका है। शैक्षणिक सत्र 2026-28 के तहत निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में खाली 739 सीटें भरने के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से तीसरे चरण की काउंसलिंग 28 सितंबर को आयोजित की जाएगी।

राजेश शर्मा • जागरण आर्काइव

काउंसलिंग सुबह 10 बजे धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में शुरू होगी। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि काउंसलिंग के लिए चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची और श्रेणीवार रिक्त सीटों का पूरा विवरण बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया गया है। अभ्यर्थियों को सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, हिमाचली मूल निवासी प्रमाण-पत्र तथा आरक्षित श्रेणी या उप-श्रेणी से संबंधित दस्तावेजों की मूल प्रति और सत्यापित फोटो प्रतियां साथ लानी होंगी।

उन्होंने बताया कि ईडब्ल्यूएस, ओबीसी और पूर्व सैनिकों के आश्रितों की श्रेणी में आने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी की ओर से जारी निर्धारित प्रारूप में प्रमाण-पत्र अथवा शपथ-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

डीएलएड के लिए तीसरे चरण की काउंसिलिंग 28 को

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में डीएलएड कर शिक्षक बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए एक अहम खबर है। शैक्षणिक सत्र 2026-28 के तहत प्रदेश के निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में खाली बची 739 सीटों को भरने के लिए शिक्षा बोर्ड ने पूरी तैयारी कर ली है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि इन रिक्त सीटों के लिए तीसरे चरण की अहम काउंसिलिंग 28 सितंबर को सुबह 10 बजे धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में होगी। बोर्ड ने चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची और श्रेणीवार आरक्षित खाली सीटों का पूरा ब्यौरा आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

Ananat Gyan Dt. 26-09-2026

डीएलएड में दाखिले का मौका, 739 सीटों के लिए तीसरे चरण की काउंसलिंग 28 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में डीएलएड करने के इच्छुक युवाओं के लिए 739 रिक्त सीटों पर दाखिले का अवसर है। शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए तीसरे चरण की काउंसलिंग 28 सितंबर को सुबह 10 बजे हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के धर्मशाला स्थित मुख्यालय में होगी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि मेरिट सूची और श्रेणीवार रिक्त सीटों का विवरण बोर्ड की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थियों को भरा हुआ बायोडाटा फॉर्म, मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, हिमाचली बोनाफाइड प्रमाण-पत्र तथा आरक्षित श्रेणी से संबंधित दस्तावेजों की मूल और सत्यापित प्रतियां साथ लानी होंगी। सीट आवंटन के दौरान पसंदीदा संस्थान की सीट चुनने का अवसर केवल एक बार मिलेगा। अभ्यर्थियों को उपलब्ध सीटों की जानकारी पहले जुटाने की सलाह दी गई है।

AAPKA FAISLA Dt. 26-09-2026

D.El.Ed. में दाखिले का सुनहरा मौका, 739 रिक्त सीटों के लिए 28 सितंबर को होगी तीसरे चरण की काउंसिलिंग

धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश में डीएलएड (D.El.Ed.) कर शिक्षक बनने का सपना देख रहे युवाओं के लिए एक अहम खबर है। शैक्षणिक सत्र 2026-28 के तहत प्रदेश के निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में खाली बची 739 सीटों को भरने के लिए शिक्षा बोर्ड ने पूरी तैयारी कर ली है। हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी की मेरिट सूची, सुबह 10 बजे धर्मशाला मुख्यालय में जुटेंगे अभ्यर्थी, केवल एक बार मनपसंद सीट चुनने का अवसर

स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि इन रिक्त सीटों के लिए तीसरे चरण की अहम काउंसलिंग 28 सितंबर 2026 को सुबह 10:00 बजे धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। वेबसाइट पर मेरिट सूची जारी, बायोडाटा फॉर्म लाना अनिवार्य, काउंसलिंग प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए बोर्ड ने चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची और श्रेणीवार आरक्षित खाली सीटों का पूरा ब्यौरा अपनी आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर अपलोड कर दिया है। डॉ. शर्मा ने सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे वेबसाइट से दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और वहां उपलब्ध बायोडाटा फॉर्म (BIO DATA FORM) को भरकर अपने साथ लाएं। इसके अलावा, काउंसलिंग में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, हिमाचली मूल निवासी प्रमाण-पत्र और आरक्षित श्रेणी या उप-श्रेणी से जुड़े दस्तावेजों की मूल व सत्यापित (Attested) फोटोकॉपी साथ लानी होगी। आरक्षित वर्गों के लिए विशेष हिदायत और सीट आवंटन का सख्त नियम, बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि ईडब्ल्यूएस (EWS), ओबीसी (OBC) और पूर्व सैनिकों के आश्रितों (Ward of Ex-Serviceman) की श्रेणी में आने वाले अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाण-पत्र या शपथ-पत्र (Affidavit) निर्धारित प्रारूप में ही प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। दाखिले की चाह रखने वाले युवाओं को एक बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि सीट आवंटन के समय उन्हें उनकी पसंद के संस्थान में उपलब्ध सीट केवल एक बार ही आवंटित की जाएगी। इसलिए, अभ्यर्थियों को यह सख्त सलाह दी गई है कि वे अपनी मनपसंद संस्था में उपलब्ध सीटों की पूरी जानकारी पहले ही जुटा लें, ताकि मौके पर कोई असमंजस न रहे। किसी भी प्रकार की शंका, दुविधा या अतिरिक्त जानकारी के लिए अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर 01892-242192 पर कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।

Himachal Dastak Dt.26-09-2026

डीएलएड में प्रवेश के लिए तीसरे चरण की काउंसलिंग 28 सितंबर को

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-28 के तहत प्रदेश के निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में खाली बची 739 सीटों को भरने के लिए शिक्षा बोर्ड ने पूरी तैयारी कर ली है। इन रिक्त सीटों के लिए तीसरे चरण काउंसलिंग 28 सितंबर को सुबह 10 बजे धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए बोर्ड ने चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची और श्रेणीवार आरक्षित खाली सीटों का पूरा ब्योरा अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

SEPTEMBER 26, 2026 SATURDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

GOLDEN OPPORTUNITY FOR ASPIRING TEACHERS AS HP BOARD ANNOUNCES FINAL D.EL.ED. COUNSELING FOR 739 VACANT SEATS

The Sunny Times | Dharamshala |



Aspiring educators in Himachal Pradesh have a major opportunity to secure admission into the Diploma in Elementary Education program for the 2026-28 academic session. The Himachal Pradesh Board of School Education has finalized plans to fill 739 vacant seats across private recognized institutes in the state through a third round of counseling scheduled for September 28, 2026. Board Chairman Dr. Rajesh Sharma announced that the in-person counseling session will begin promptly at 10:00 AM at the board headquarters in Dharamshala.

To maintain transparency, the board has published the merit list along with category-wise seat distribution on its official website, www.hpbose.org. Candidates must carefully review the instructions online and download the mandatory bio-data form, which they must bring filled to the venue. Attendees are also required to bring their original academic certificates, Himachal bonafide residence proof, and relevant reservation certificates, along with self-attested photocopies of all documents.

The board emphasized that applicants under the EWS, OBC, and Ward of Ex-Serviceman categories must provide valid certificates or affidavits issued by competent authorities in the prescribed format. Candidates should prepare their institute preferences in advance, as seat allocation will be strictly final with only one opportunity given to select a preferred college based on real-time availability. For any queries or assistance, candidates can contact the board helpline at 01892-242192 during official working hours.

पंजाब केसरी
SAT,26 SEPTEMBER 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE

बोर्ड सचिव ने नगरोटा बगवां व शाहपुर के परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

धर्मशाला, 25 सितम्बर (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव अंकुश शर्मा ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा बगवां तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने परीक्षा केंद्रों में चल रही परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा संचालन, अनुशासन एवं सी.सी.टी.वी. निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया।

उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों एवं संबंधित परीक्षा स्टाफ को बोर्ड द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पूर्णतया पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि परीक्षाओं की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की प्राथमिकता है।

उन्होंने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा से संबंधित सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में सी.सी.टी.वी. कैमरों की कार्यशीलता एवं निगरानी व्यवस्था का भी जायजा लिया और परीक्षा से संबंधित रिकॉर्ड को बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि बोर्ड की ओर से परीक्षा केंद्रों की नियमित निगरानी की जा रही है तथा परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

Himachal Dastak Dt. 26-09-2026

परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था परखी, सीसीटीवी निगरानी का भी लिया जायजा

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव अंकुश शर्मा, एचपीएएस ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) नगरोटा बगवां और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा संचालन, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, अनुशासन, प्रश्नपत्रों एवं उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा तथा सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया। सचिव ने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों और परीक्षा स्टाफ को बोर्ड के निर्धारित नियमों व दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुचारू संचालन बोर्ड की प्राथमिकता है। परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और प्रश्नपत्र व उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा से जुड़ी निर्धारित प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता और निगरानी व्यवस्था की भी जांच की तथा परीक्षा संबंधी रिकॉर्ड को निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि बोर्ड की ओर से परीक्षा केंद्रों की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और अनुशासन कायम रखा जा सके।

Amar Ujala Dt. 26-09-2026

शिक्षा बोर्ड सचिव ने परखी परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव अंकुश शर्मा ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) नगरोटा बगवां और शाहपुर स्थित परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, विद्यार्थियों की उपस्थिति, अनुशासन और सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। सचिव ने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों और स्टाफ को बोर्ड के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षाओं की निष्पक्षता, पारदर्शिता और सुचारू संचालन बोर्ड की शीर्ष प्राथमिकता है। प्रश्नपत्रों और उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। केंद्रों की नियमित निगरानी जारी रहेगी। ब्यूरो

Dainik Jagran Dt. 26-09-2026

बोर्ड सचिव ने नगरोटा बगवां व शाहपुर के परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

जागरण संवाद केंद्र, धर्मशाला : प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव अंकुश शर्मा ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) नगरोटा बगवां और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहपुर स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में चल रही परीक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, परीक्षार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा संचालन, अनुशासन एवं सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षकों एवं संबंधित परीक्षा स्टाफ को बोर्ड के निर्धारित नियमों एवं दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सचिव ने परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षा से संबंधित सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता एवं निगरानी व्यवस्था का भी जायजा लिया और परीक्षा से संबंधित रिकार्ड को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

INDIAN EXPRESS Dt. 26-09-2026

HIMACHAL PRADESH BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSALA-176215

Ref No. Hi.Shi.Bo./Store-1(7)/2026-3992 **Dated: 24 September 2026**

"LIMITED TENDER NOTICE"

Sealed tenders are hereby invited from reputed and experienced firms having adequate experience in handling similar jobs for **"Printing and Supply of Envelopes."**

The tenderer shall submit the bid by placing the duly completed and signed Technical Bid and Financial Bid in two separate sealed envelopes, clearly superscribed as **"TECHNICAL BID -PRINTING AND SUPPLY OF ENVELOPES" and "FINANCIAL BID PRINTING AND SUPPLY OF ENVELOPES"**, respectively. Both the above separately sealed envelopes shall thereafter be placed together in one larger sealed envelope, which shall also be duly sealed by the tenderer and clearly superscribed as **"TENDER FOR PRINTING AND SUPPLY OF ENVELOPES"** and addressed to The Secretary, Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala -176215.

The detailed Tender Document can be obtained from the Office of the Secretary, H.P. Board of School Education, Dharamshala, on any working day up to 1:00 P.M. on 13 october 2026, on payment of Tender Fee ₹1,000/- (₹One Thousand only) in cash at the cash counter in the October, Board's Office. The Tender Document can also be downloaded from the Board's website: **www.hpbose.org**. In case of downloaded Tender Document Tender Fee of ₹1,000/- (₹One Thousand only) through Bank Draft/Board Receipt shall be submitted along with the tender.

The tender, complete in all respects, along with EMD of ₹ 20,000/- (₹Twenty Thousand only) in the form of FDR valid for a minimum period of one year, duly pledged in favour of the Secretary, H.P. Board of School Education, Dharamshala, shall reach in the Office of the Secretary, H.P. Board of School Education, Dharamshala-176215, within the prescribed date and time.

Tender Upload/Publication Date & Time	:	**24 September 2026 at 5:00 PM**
Last Date & Time for Submission of Tender	:	**14 October 2026 up to 1:00 PM**
Date & Time of Opening of Technical Bid	:	**14 October 2026 at 2:00 PM**

Sd/-
Secretary

AMAR UJALA Dt. 26-09-2026

HIMACHAL PRADESH BOARD OF SCHOOL EDUCATION,DHARAMSALA-176215

Ref No. Hi.Shi.Bo./Store-1(7)/2026-3992 | Dated: 24 September 2026

"LIMITED TENDER NOTICE"

Sealed tenders are hereby invited from reputed and experienced firms having adequate experience in handling similar jobs for "Printing and Supply of Envelopes."

The tenderer shall submit the bid by placing the duly completed and signed Technical Bid and Financial Bid in two separate sealed envelopes, clearly superscribed as "TECHNICAL BID -PRINTING AND SUPPLY OF ENVELOPES" and "FINANCIAL BID PRINTING AND SUPPLY OF ENVELOPES", respectively. Both the above separately sealed envelopes shall thereafter be placed together in one larger sealed envelope, which shall also be duly sealed by the tenderer and clearly superscribed as "TENDER FOR PRINTING AND SUPPLY OF ENVELOPES" and addressed to The Secretary, Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala -176215.

The detailed Tender Document can be obtained from the Office of the Secretary, H.P. Board of School Education, Dharamshala, on any working day up to 1:00 P.M. on 13 October, 2026, on payment of Tender Fee Rs.1,000/- (One Thousand only) in cash at the cash counter in the 13 October, Board's Office. The Tender Document can also be downloaded from the Board's website: **www.hpbose.org.** In case of downloaded Tender Document Tender Fee of ▯1,000/- (One Thousand only) through Bank Draft/Board Receipt shall be submitted along with the tender.

The tender, complete in all respects, along with EMD of Rs. 20,000/- (Twenty Thousand only) in the form of FDR valid for a minimum period of one year, duly pledged in favour of the Secretary, H.P. Board of School Education, Dharamshala, shall reach in the Office of the Secretary, H.P. Board of School Education, Dharamshala-176215, within the prescribed date and time.

Tender Upload/Publication Date & Time	: 24 September 2026 at 5:00 PM
Last Date & Time for Submission of Tender	: 14 October 2026 up to 1:00 PM
Date & Time of Opening of Technical Bid	: 14 October 2026 at 2:00 PM

Secretary